## संपादकीय

# निजीकरण बनाम कल्याणकारी राज्य

निजी क्षेत्र का अनावश्यक पक्ष लेना अब बंद करना होगा। अब ऐसे आर्थिक सुधारों की नींव रखने का समय आ गया है, जिसमें कल्याणकारी राज्य के लिए निजी क्षेत्र को भी बराबर का जिम्मेदार बनाया जाए। इस समय स्थितियां बड़ी विपरीत हैं। हम आर्थिक तरक्की के भ्रम में दिन–ब– दिन खुद को हांक रहे हैं। दूसरी तरफ, इस बात की स्वीकृति भी दे रहे हैं कि देश के गरीब आदमी की आय बढ़ाने के लिए एक लंबा सफर तय करना अभी बाकी है। गरीबी दूर करने के लिए आर्थिक असमानता एक मुख्य बाधा है। इन दिनों एक अजीब द्वंद्व या छलावा भी दिखता है, जब कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी के साथ–साथ सरकारों द्वारा अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सामाजिक कल्याण को आर्थिक नीतियों में ज्यादा तरजीह दी जा रही है। इससे आर्थिक विकास पर बहुत विपरीत असर पड़ रहा है। राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणापत्रों में वह सब कुछ शामिल हो रहा है, जो लोकलुभावन अधिक है, सर्वहित के लिए कम कल्याणकारी है। इससे राज्यों पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। नब्बे के दशक में उदारीकरण से निजी क्षेत्र को आगे बढ़ने का मौका मिला, पर अब समय आ गया है कि कल्याणकारी राज्य और सामाजिक कल्याण दोनों का मिश्रण गरीबी दूर करने के लिए एक ! एक मुख्य उद्देश्य के तौर पर आर्थिक नीतियों में जगह ले और उसके संचालन की जिम्मेदारी सरकारों के साथ–साथ निजी क्षेत्र भी उठाए। भारत में कभी आर्थिक नीतियों में निजी क्षेत्र को एकाधिकार नहीं दिया गया। आजादी के से आर्थिक नीतियां सरकारी संरक्षण में ही रहीं। हालांकि आर्थिक विकास के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि सरकारी संरक्षण में बनीं, पली और बढ़ीं आर्थिक नीतियां, जिन्हें लोकहितकारी राज्य बनाने की सोच से देश के आर्थिक विकास को एक सुस्त वृद्धि ही मिली। इसी कारण हम विकसित मुल्कों की तुलना में पिछड़ते गए। इन दिनों अमेरिका में आर्थिक नीतियों का विरोध हो रहा है। वहां इस बात की मांग उठ रही है कि अर्थव्यवस्था का रुख अब पूंजीवाद से समाजवाद की तरफ मुड़ना चाहिए। इसके बाद से यह चर्चा विश्व की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भी शुरू हो गई है कि बदलाव का रुख उन्हें भी अपनाना होगा या उसमें अभी देरी है। भारत में भी पिछले कुछ अरसे से यह सुनने को मिलता कि देश में पूंजीपतियों की संख्या बढ़ रही जबकि गरीबी कम नहीं हो रही। यह कोई हैरत की बात नहीं, बल्कि पूंजीवादी आर्थिक नीतियों के चलते पैदा हुई आर्थिक विषमता का परिणाम है। समाज में पूंजीवाद का विरोध इसलिए भी जायज लगता है। कि करीब सभी जगह सरकारें आर्थिक विकास की बागडोर पूरी तरह निजी क्षेत्र के हवाले कर देती हैं और कई दफा उनकी गलतियों के बावजूद उन्हें संरक्षित भी करती हैं। अमेरिका में तो यह सब बहुत आम हो गया है। 2005–06 में निजी क्षेत्र की गलत नीतियों के चलते ही अमेरिका में मंदी का सामना करना पड़ा। मगर यह सोचना भी आवश्यक है कि क्या समाजवाद के माध्यम से आर्थिक विकास को वह तेजी दी जा सकती है, जो पूंजीवाद की नीतियों से मिलती है ? आर्थिक नीतियों के सरकारी संरक्षण के दौरान भारत में 1960 से 1990 के तीन दशकों में प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि मात्र 1.6 फीसद थी। 1990 के बाद से अब तक यह 3.6 फीसद रही। वहीं वर्ष 2005 से वर्ष 2010 तक का समय आर्थिक सुधारों के कारण काफी तेजी से बढ़ने का था। इसलिए वृद्धि दर 4.3 फीसद थी और 2010 के बाद से प्रति व्यक्ति विकास दर ने अपने अधिकतम स्तर 4.9 फीसद को छुआ। गौरतलब है कि 1991 के बाद भारतीय आर्थिक नीतियों में उदारीकरण को सम्मिलित कर लिया गया था और फिर सरकारी नियंत्रण लगातार कम होता चला गया। वर्ष 1975 तक भारत, चीन और वियतनाम में प्रति व्यक्ति आय लगभग बराबर थी, पर वर्ष 2000 के बाद से चीन और वियतनाम में प्रति व्यक्ति आय 35 से 50 फीसद के बराबर बढ़ी। आज चीन में प्रति व्यक्ति आय भारत से ढाई गुना अधिक है। इसका कारण भारत में आर्थिक नीतियों में उदारीकरण को काफी देर से शामिल किया जाना रहा है और परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति आय भी एक समय के बाद ही बढ़ी अगर पूंजीवादी आर्थिक नीतियों से आर्थिक विकास तेजी से बढ़ता है, तो फिर इसका आमजन में विरोध क्यों हैं? इसके पीछे कुछ संभावित कारणों में से एक, सरकारों द्वारा निजी क्षेत्र को बहुत हद तक संरक्षित करना है। अमेरिका के संदर्भ में इसे कई दफा दिवालिया होने वाली कंपनियों को बचाने से समझा जा सकता है, वहीं भारत के संदर्भ में इसे व्यक्तियों की वित्तीय आय पर लगने वाला कर तुलनात्मक रूप से कंपनियों के मुनाफे पर लगने वाले कर से बहुत अधिक है। इसकी पुष्टि आर्थिक आंकड़ों से हो जाती है। वर्ष 2023– 24 में भारतीय कंपनियों से मिलने वाले कर की राशि 9.3 लाख करोड़ थी, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के जीडीपी का 3.11 फीसद था। वहीं व्यक्तिगत आयकर का संग्रह 10.22 लाख करोड़ के आसपास था, जो जीडीपी का 3.45 फीसद था। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय कंपनियां कम मुनाफा कमा रही हैं, इसलिए वे कम कर का भुगतान कर रही है?

# कांग्रेस की कहानी मतदाताओं को रास नहीं आ रही

आदित्य

हरियाणा के नतीजों ने कांग्रेस पार्टी को सदमे में डाल दिया है। उसके सपने बुरी तरह टूट गए हैं, क्योंकि उसे ऐसे नतीजों की उम्मीद नहीं थी। लोगों ने कांग्रेस के बुद्धिजीवियों समेत सभी चुनाव विश्लेषकों और बुद्धिजीवियों को गलत साबित कर दिया। कांग्रेस के लिए यह इसलिए भी बड़ा झटका है, क्योंकि राहुल गांधी के एलओपी बनने के बाद यह पहला चुनाव है। हालांकि वह जम्मू–कश्मीर में सरकार में भागीदार होगी, लेकिन उसे जश्न मनाने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वह आठ से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाई। इसका त्वरित विश्लेषण करने से पहले यह जानना जरूरी है कि कांग्रेस पार्टी ने नतीजों पर बहुत बचकानी प्रतिक्रिया दी है। हरियाणा में कांग्रेस ने कहा कि तंत्र की जीत हुई, लोक तंत्र की नहीं, लेकिन जम्मू–कश्मीर में उसे लोकतंत्र की जीत लग रही है। यह शर्म की बात है कि वह लोगों के जनादेश को उदारता से स्वीकार करने से इनकार कर रही है। यह चौंकाने वाली बात है कि उनके पास जमीनी स्तर की समझ नहीं है, जो आप के पास है, हालांकि वह एक भी सीट नहीं जीत पाई। एक बात तो तय है कि कांग्रेस हरियाणा हो या जम्मू–कश्मीर, लोगों से जुड़ नहीं पाई। कांग्रेस का यह दावा कि 'किसान जवान, पहलवान और राहुल का खाता–खाट' और 'संविधान का खतरा टल गया' मतदाताओं को रास नहीं आया। किसान, जवान, पहलवान का प्रभाव सीमित रहा। कांग्रेस ने सोचा कि सत्ता विरोधी लहर और जाटों पर अत्यधिक निर्भरता उन्हें सत्ता की कुर्सी पर पहुंचा देगी। लेकिन सच्चाई यह है कि जाटों में विभाजन था। पंजाब की सीमा के नजदीक रहने वाले लोग भाजपा के खिलाफ थे, न कि दूसरे इलाकों के लोग। किसान आंदोलन में पंजाब के नजदीक रहने वाले जाटों ने हिस्सा लिया, न कि दूसरे इलाकों ने। उन इलाकों में कांग्रेस को जाट वोटों का लाभ मिला, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। हरियाणा में गुटबाजी और मजबूत नेतृत्व की कमी ने शून्य पैदा कर दिया था, जिसे कांग्रेस समय रहते दूर करने में विफल रही। अब समय आ गया है कि कांग्रेस अपना नैरेटिव बदले और मोहब्बत की दुकान बंद करे और अडानी और अंबानी के बारे में बोलना बंद करे और हर राज्य की जमीनी हकीकत पर ध्यान दे। हरियाणा में कांग्रेस उन 12 सीटों में से 8 पर हारी, जहां राहुल गांधी गए थे। पार्टी को समझना चाहिए कि लोग समझदार हैं और राजनीतिक दलों से ज्यादा परिपक्व हैं। वे उन दलों और नेताओं



के साथ जाना पसंद करेंगे जो लोगों से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं। इस चुनाव ने एक और महत्वपूर्ण बात सामने लाई है। भाजपा और आरएसएस के बीच जो मतभेद उभर कर सामने आए थे, वे पीछे छूट गए हैं। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में इस बार दोनों ने लोकसभा चुनावों के विपरीत मिलकर काम किया। कांग्रेस शायद लोकसभा चुनावों में गठबंधन के प्रदर्शन को लेकर बहुत उत्साहित थी और भूल गई कि उसे 100 से भी कम सीटें मिलीं। कांग्रेस ने हरियाणा में ओबीसी और एससी को भी नजरअंदाज किया। राहुल गांधी का यह बयान कि कांग्रेस आरक्षण की मांग को खत्म कर देगी, भी उल्टा पड़ गया। 14: दलित मतदाताओं में से अधिकांश भाजपा के साथ चले गए। कांग्रेस द्वारा की गई एक और गलती यह थी कि उसने मौजूदा उम्मीदवारों को फिर से खड़ा किया जबकि भाजपा ने कई उम्मीदवारों को बदल दिया। अब समय आ गया है कि कांग्रेस चीयर लीडर्स मोड से बाहर आए और महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनावों के संबंध में अपनी सोच पर विचार करे। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के चुनाव परिणामों ने अगले दौर की लड़ाई के लिए एक मौका दिया है जो नवंबर में महाराष्ट्र और उसके बाद दिल्ली में देखने को मिलेगी। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि हर राज्य के अलग–अलग मुद्दे हैं और उसे उन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, न कि 'खटा–खटा फटा–फट' पर।

# हरियाणा विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत

विनोद

हरियाणा की चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले। हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त पड़ गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे–चौथे मोर्चे के जार–जार होने की चर्चा हर ओर छिड़ी हुई है। देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तोड़ नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकर्ताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी पड़ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम है। निःसन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की टू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था। सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जोड़ दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा–शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है।

हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी–ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई। बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया। वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया। भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं। बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया। वहीं, राज्य बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पूर्व सांसद संजय भाटिया जैसे वरिष्ठ नेताओं तक को विधानसभा चुनावों से दूर रखने का फैसला उनकी रजामंदी से किया। क्योंकि गत लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 2024 के आम चुनावों में, बीजेपी ने 10 में से सिर्फ 5 लोकसभा सीटें जीतीं और महज 46.1 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस ने बाकी सीटें छीन लीं और 43.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 58 प्रतिशत था, जो अब 12 प्रतिशत घटकर 46.1 प्रतिशत रह गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के आंकड़े अब बिलकुल अलग तस्वीर पेश करते हैं, जिससे भाजपा को भी सुकून मिली है। हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है। इस प्रकार हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई अप्रत्याशित गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। क्योंकि यहां की जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है।

# फर्जी वीडियो ने पूर्वोत्तर संकट को और बिगाड़ा

ललित

मणिपुर पिछले 17 महीनों से खबरों और राष्ट्रीय चेतना में छाया हुआ है। 27 मार्च, 2023 का मणिपुर उच्च न्यायालय का आदेश दशकों के अविश्वास के पीछे का एकमात्र कारण था। दो दशक पहले मणिपुर में शुरू हुई इनर लाइन परमिट प्रणाली की मांग को किसी तरह से मौजूदा संकट की शुरुआत कहा जा सकता है। इसकी परिणति अगस्त 2015 में मणिपुर विधानसभा में तीन विवादास्पद विधेयकों के पारित होने के रूप में हुई, जिसके कारण अंततः चुराच–अंडपुर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस गोलीबारी में नौ लोगों की जान चली गई। सरकार और कई हितधारकों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद 632 दिनों के बाद मारे गए लोगों के शवों को दफनाया गया। इसके बाद मणिपुर में शांति लौट आई। 2015 से लगभग एक दशक तक मणिपुर में हुए विकास के समग्र कदमों ने इस विश्वास को और मजबूत किया कि मणिपुर अब अधिक गौरव की राह पर ऐसी स्थिति जो हिंसा में छिटपुट वृद्धि और बीच–बीच में शांति के साथ जारी रहती है। यह एक छोटा राज्य है जिसकी आबादी क्रमशः दिल्ली और मुंबई की वर्तमान अनुमानित आबादी का केवल 0.1 प्रतिशत और 0.15 प्रतिशत है, लेकिन इसके भू–रणनीतिक और भू–आर्थिक महत्व को देखते हुए और साथ ही राज्य के लोगों के लिए जो अत्यधिक तनाव और दबाव में हैं, अधिक समझ की आवश्यकता है। सबसे बड़ी चुनौती झूठे वीडियो, डॉक्टर्ड वीडियो और किसी घटना के केवल एक हिस्से को दर्शाने वाले वीडियो के रूप में गलत सूचना है। एंग्लो–कुकी युद्ध स्मारक को आग लगा दी गई, एक सूटकेस में एक महिला का कटा हुआ शव मिला, सुरक्षा बलों ने एक विशेष समुदाय को बचाया, कुछ कारक हैं। कुछ सत्य वीडियो भी हैं जैसे दो असहाय महिलाओं को सड़कों पर घुमाया जा रहा है या उस मामले में बिंदु–रिक्त सीमा पर शूटिंग और निर्दोष लोगों के सिर काटने के भयानक वीडियो। इन सभी और मौखिक कहानियों (जो अक्सर असत्य होती हैं) ने दोनों समुदायों में गुस्से को बढ़ा दिया है। हर झूठे वीडियो या कथन के परिणामस्वरूप हिंसा का चक्र चलता है, जो सुरक्षा बलों को उनके विवेक के अंत में छोड़ देता है। यह ऐसी स्थिति है जिसका सामना देश के किसी भी सुरक्षा बल ने पहले कभी नहीं किया है। हमारे देश की आजादी के बाद से हमने समाज के इस तरह के सामूहिक हथियारीकरण को कभी नहीं देखा है। यह केवल पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियार और गोला–बारूद ही नहीं है जो विचलित करने वाला है। यह वे हथियार भी हैं जिन्हें अरम्बाई टेंगोल, यूएनएलएफ (पी), अन्य सभी घाटी–आधारित विद्रोही समूह और कुकी उग्रवादी खुलेआम दिखाते हैं और दंड के बिना इधर–उधर ले जाते हैं। म्यांमार में हथियारों और गोला–बारूद की आसान उपलब्धता स्थिति को और भी गंभीर बना देती है। हाल ही में एक वीडियो में तोपखाना जैसी दिखने वाली बंदूक को खींचा जा रहा है और फिर फायर किया जा रहा है, साथ ही कई अन्य नए सुधारित मोर्टार, रॉकेट और स्थानीय रूप से निर्मित "पंपियों" के इनपुट भी हैं, जो न केवल सुरक्षा बलों, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी भविष्य को भयावह बनाते हैं। आम आदमी को पहले से ही भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ये सभी हथियारबंद लोग जबरन वसूली और अपहरण में लिप्त हैं। म्यांमार और बांग्लादेश दोनों ही देशों में हाल ही में हुई घटनाएं परेशान करने वाली हैं। म्यांमार सेना के पास आज मणिपुर के सामने केवल एक सैन्य चौकी है, जबकि मिजोरम के सामने कोई भी नहीं है, क्योंकि वहां लड़ाई चल रही है। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में शरणार्थी आए हैं, जिनमें से अधिकतर मिजोरम में और कुछ हद तक मणिपुर में हैं। बांग्लादेश में वर्तमान में मौजूद कट्टरपंथियों का प्रभाव पूर्वोत्तर में स्थित उग्रवादी समूहों के शिविरों के फिर से सक्रिय होने के मामले में भी खतरा पैदा करता है। केंद्रीय सुरक्षा बल, मुख्य रूप से भारतीय सेना, असम राइफल्स और सीआरपीएफ जैसे अर्धसैनिक बल, हिंसा को रोकने, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने, राहत शिविरों की स्थापना सहित राहत प्रदान करने, हथियार बरामद करने, उग्रवादियों और उपद्रवियों को गिरफ्तार करने, बंकरों को नष्ट करने में सबसे आगे रहे हैं।

# त्योहार और आर्थिक उत्सव की लालसा

संजय

भारत उत्सवधर्मी देश है। यहां विभिन्न परंपराओं और क्षेत्रीय संस्कृति का सम्मिश्रण कई नए रंग–बिरंगे अवसर पैदा करता है, जब देशवासियों को उत्सव मनाते देखा जा सकता है। उत्सवधर्मी इस देश में आर्थिक लाभ यही होता है कि साधारण व्यक्ति भी अपनी आर्थिक सीमा से बाहर जाकर खर्च करता है। त्योहार के दिनों में बाजारों में मंदी की उदासी नहीं फैलती। इतने बड़े देश में चूंकि ऐसा होता ही रहता है, इसलिए आज जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी और गिरती हुई मांग के चंगुल में फंसा है, भारत की आर्थिक विकास दर सब देशों से आगे है। मगर हम आठ फीसद की विकास दर तक नहीं पहुंच पाए। पिछले वर्ष इस विकास दर के करीब पहुंच गए थे, इस वर्ष के अंत में यह सात फीसद से भी नीचे जाती दिखाई देती है, लेकिन फिर भी मांग की कमी भारत के लिए कोई समस्या नहीं। हां, इस मांग को पूरा करने के लिए उचित उत्पादन बढ़ाने की समस्या हो सकती है। जैसा कि अर्थशास्त्री और रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भी कहा राजन ने भी कहा है कि देश विनिर्माण और कृषि विकास की ओर ध्यान दे। उनका कहना है कि पिछले वर्षों में जिन बुनियादी उद्योगों के विकास की ओर हमने ध्यान दिया, उसी के फलस्वरूप आज तरक्की की की मंजिलें तय कर रहे हैं। आज हम दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति हैं, तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने का सपना देख रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि 2047 जब आजादी का शताब्दी महो का शताब्दी महोत्सव मनाएंगे, तो अपना देश विकसित हो चुका होगा और अगर यह दुनिया की सबसे ताकतवर आर्थिक शक्ति नहीं बनता, , तो भी यह चौथी औद्योगिक क्रांति का अगुआ होगा, जो इस बार पूरब से और तीसरी दुनिया से उभरेगी। अपने सांस्कृतिक मूल्यों 5 बल पर पूरी दुनिया का गुरु बन कर उसको रास्ता भी दिखाएगा। है आने वाले दिनों की बात इस समय खबरें भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर आ रही हैं, वे अच्छी हैं। नीति निर्माता भी कुछ ऐसे कदम उठा लेना चाहते हैं जिससे जनता का भला हो सके। इस पर कुछ विवेचन कर लिया जाए। चाहे दावा किया जा रहा है कि नए कर्तव्य समर्पित विकास के माहौल में रोजगार सृजन हो रहा है, लेकिन यह रोजगार कहां हो रहा है? रोजगार की एक अजब स्थिति पैदा हो रही है। जिन लोगों के पास इस बदलती हुई दुनिया की प्रौद्योगिकी का शिक्षण–प्रशिक्षण है, उनके लिए तो नौकरियों की कतार लगी है और कला और विज्ञान संकायों से निकल कर आए नौजवान अपना कोई भविष्य इस बदलते भारत में नहीं पाते। उनके लिए रोजगार प्रदान करने वाले लघु और कुटीर उद्योगों का कोई नया अभियान नजर नहीं आता। आता भी है, तो उसमें निजी क्षेत्र और श्स्टार्टअपश के नाम पर परोक्ष और प्रत्यक्ष रूप से धनकुबेरों के लिए भी चोर दरवाजे खोले जा रहे हैं। तो, भारत की प्रगति को समझ कर रोजगार देने का गंभीर प्रयास हो, ताकि देश का निर्माण उसकी विशेष पहचान के अनुसार हो। उस पर उधार के लबादे ओढ़ा कर उसका वह आधुनिकीकरण न किया जाए, जो उसके मिजाज में नहीं। वैसे, देश में धूमधाम है कि आने वाले त्योहारी मौसम में प्रगति ही प्रगति, विकास ही विकास दिखाई देगा। इसके साक्षी हैं, शेयर बाजार के सूचकांक और निफ्टी के नए शिखर, क्योंकि इसमें न केवल भारतीय. बल्कि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा भी दिखता है कि जैसे ही अमेरिका ने अपनी फेडरल नीति में पचास आधार अंक की कमी की, तो विदेशी निवेश जो निकला जा रहा था, वह भारत लौटने लगा। इस बीच भारत के स्थानीय निवेशकों ने भी अपने घरेलू निवेश से शेयर बाजार को बिखरने नहीं दिया। तेजी का यह सिलसिला बनाए रखा। इस तेजी के साथ भारत का नया उभरता हुआ मध्यवर्ग और उसका घरेलू निवेश भी बंधी हुई बैंक एफडी के क्षेत्र से थोड़ा रुख बदल कर शेयरों और म्युचुअल फंड की तरफ आ गया, जिसमें नए निवेश को स्थायित्व देना शुरू कर दिया। इधर अंतरराष्ट्रीय स्थिति के मद्देनजर भारत की जनता उम्मीद करती है कि कच्चे तेल के घटते दाम का फायदा उन्हें भी मिलेगा, क्योंकि अभी तक वह महंगाई की समस्या से जूझ रही है। अगर पेट्रोल और डीजल के दामों में इतने लंबे समय के बाद थोड़ी सी कटौती हो जाए, तो उससे उनके लिए महंगाई को नियंत्रित करने की गुंजाइश पैदा हो जाएगी और उत्सव के इन दिनों को एक नया रंग मिल जाएगा। इस समय पेट्रोलियम कंपनियों की कमाई बढ़ गई है। इसलिए हर विशेषज्ञ यह कहता है कि पेट्रोल और डीजल के दाम जनसाधारण के लिए कुछ कम करने की गुंजाइश है। हमारे आयात भुगतान का बिल भी घट गया, क्योंकि हम अपनी जरूरत का पचासी फीसद तेल आयात करते हैं, तो हो सकता है इसका लाभ उत्सव के दिनों में कुछ कटौती के रूप में जनता को दे दिया जाए। इस बीच पेट्रोलियम कीमतें केवल एक बार दो रुपए घटाई गई, लेकिन इसकी भरपाई भी राज्य सरकारों ने अपना–अपना वैट बढ़ा कर पूरी कर ली। पंजाब ने भी पिछले दिनों वैट दरें बढ़ाई। मार्च में तो इसका दाम 84–85 डालर प्रति बैरल था, तब दो रुपए दाम घटा दिए गए, तो फिर अब क्यों नहीं घटा कर उत्सव के दिनों में लोगों को यह उपहार दे दिया जाए। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर जीएसटी के लिए मंत्री समूह की बैठक 19 अक्तूबर को होने जा रही है। सूचना है कि त्योहारों के के लिए कई वस्तुओं पर जीएसटी घटाने पर विचार हो सकता है। जीवन बीमा पर दरें घटा दी जाएं। यह मांग विपक्ष ही नहीं, सत्तापक्ष के कुछ नेताओं की भी है। समिति के सामने व्यक्तिगत, समूह और वरिष्ठ नागरिकों, मानसिक बीमारी से ग्रस्त लोगों और विभिन्न श्रेणियों के अन्य लोगों के लिए चिकित्सा बीमा दरें घटाने की सोच देर से लंबित है। अब अगर बीमा दरों में कटौती का यह उपहार जनता को मिल जाए, तो इससे बड़ा उत्सव और क्या हो सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इनको भी जीएसटी के दायरे में ले आने का विचार काफी समय श्चल रहा है। द्य क्यों जाए। इस परवाह के बगैर कि अगर केंद्र इसे जीएसटी दरों अधीन ले आया, तो राज्य अपनी कर दरों को बढ़ा कर श्कर–खोरीश शुरू कर देंगे। त्योहारों के दिन शुरू हो गए हैं। जनता को अगर यह चंद कल्याणकारी कदम उठते हुए नजर आ जाएं।

# विवेक यादव की हत्या को लेकर परिजनों ने रोड किया जाम पुलिस पर किया पथराव और वाहन किया क्षतिग्रस्त



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर (मंगरमु) गांव के एक युवक को तीन माह पूर्व हुए आपसी विवाद के चलते बदमाशो ने अपहरण कर मौत के घाट उतार दिया। विवेक यादव पुत्र शंकर यादव (27) को रविवार की रात लगभग 9:00 बजे जमुनीपुर गेट के पास बदमाशो ने मारा पीटा और अपने साथ उठा ले गए। जो कि दो दिन बाद विवेक की लाश भदोही सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर ठकुराइन क तारा के पास पाया गया था।सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले ली। मृतक के साथ मौजूद घटना के समय उसके साथी मोहन यादव ने बताया की पड़ोस गांव गहली कठरवा गांव के राजू यादव की फास्टफूड की दुकान निगोह बाजार में स्थित है। उसी से तीन माह पहले मामूली बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जो की रविवार देर शाम लगभग 08:00 बजे विवेक और उसका दोस्त जमुनीपुर गेट के बगल खड़े होकर सिगरेट लेने के लिए रुके उस समय उस गुमटी में सिगरेट न होने के कारण मोहन बगल की दुकान से लाने चला गया तभी बल्ली विवेक के पास आ गया और अपने उधार का 180 रुपये पैसा मांगने लगा तो विवेक ने कहा मैंने खाने के लिए आर्डर नही दिया था इसी बात को लेकर दोनो में गाली गलौज शुरू हो गया तभी बल्ली ने अपने गांव के लड़को को फोन कर मौके पे बुला लिया और विवेक को वो मारने पीटने लगे और उसे अपनी मोटरसाइकल पर बैठा लिया। मोहन ने विवेक को बचाने के लिए गाड़ी की चाभी निकाली तो उसे भी बदमाशो ने मारा पीटा मोहन जान बचा कर बगल के हरिजन बस्ती में भाग निकला हल्ला होते ही वहा की महिलाए निकली तब तक वो लोग विवेक को लेकर जा चुके थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की नियत से उठा ले जाने की धारा में मुकदमा दूसरे दिन पंजीकृत कर आरोपियों और मृतक की तलाश में जुट गई थी लेकिन घटना के तीसरे दिन विवेक का शव सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर में पाया गया। परिजन शव को पोस्टमार्टम के बाद लेकर अपने घर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

गुरुवार को सुबह से ही परिजन और गांव के लोग सड़क पर जाम कर दिया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे मौके पर पहुंची पुलिस मजिस्ट्रेट द्वारा समझाने के बाद भी नहीं माने उल्टे पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इससे गुस्साई पुलिस ने भी लाठी भाज कर लोगों को खदेड़ा

मृतक के पिता और अपहरण की घटना के गवाह बने युवक का आरोप है कि पुलिस द्वारा समय रहते यदि कार्रवाई की गई थी तो विवेक को बचाया जा सकता था हमारी मांग है कि हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए उनका भी एनकाउंटर किया जाए गवाह बने व्यक्ति को भी धमकाया जा रहा है उसने कहा कि उसकी भी हत्या हो सकती है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने खुद मौके पर पहुंचकर कमान संभाली। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ अजय पाल शर्मा ने बताया कि बीते दिनो क्षेत्र के युवक विवेक यादव का यादव लोगों से ही विवाद हुआ था । विवेक यादव की डेड बॉडी दूसरे जनपद में पाई गई थी मामला दर्ज कर लिया गया है पांच से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज उसके परिजनों और ग्रामीणों द्वारा जाम लगाया गया था जिसको मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी द्वारा बलपूर्वक हटाया गया है। शव को कब्जे में लेकर दाह संस्कार के लिए भेज दिया गया है अन्य विधि कार्रवाई की जा रही है। एहतियात के तौर पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

# नेताजी ने समाजवाद की पुख्ता नींव पर खड़ी की सपा – राम भजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

गोण्डा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री व केंद्र में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्य तिथि पर विधानसभा तरबगंज के सपा जनसंपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए सपा के पूर्व प्रत्याशी रामभजन चौबे ने कहा कि नेताजी ने समाजवादी सिद्धांत की पुख्ता नींव पर सपा को खड़ा किया। गांव गरीब और पिछड़ो के समर्थक होने के कारण वे धरती पुत्र कहे गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज चौबे ने नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी छात्र राजनीति से लोहिया के समाजवादी नीति का पाठ सीखा। छात्र व युवाओं के वे प्रेरणा स्रोत रहे। पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद यादव ऊर्फ पप्पू यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नेताजी



समाजवादी सिद्धांतों को धरातल पर उतारने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके प्रयास से गांवों के विकास व पिछड़ी जाति को राजनीति में नई पहचान मिली। इस अवसर पर राकेश सिंह, प्रमोद चौबे, अंकित पाण्डेय, रामजी चौबे, सुरेंद्र पाण्डेय, बबलू चौबे, अवधराज तिवारी, रोहित चौबे,पंकज मिश्र व रमेश चौबे आदि उपस्थित रहे।

# स्वावलंबन द्वारा बाटे गये बढ़ई गीरी/ कारपेन्टर के प्रमाण पत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया ने बताया कि रोजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड एवं विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से संचालित स्वावलंबन उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशिक्षु प्रमाण पत्र वितरण समारोह स्वावलंबन प्रशिक्षण हॉल दिलावरपुर देवकली में किया गया। कार्यक्रम में 10 गांव के 30 लाभार्थियों को, बढ़ईगीरी के स्वाबलंबन प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश ने कहा कि स्वाबलंबन कार्यक्रम रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड का प्रमुख कार्यक्रम है। क्षेत्र के 30 युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया। क्षेत्र में विनोबा सेवा आश्रम के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य आय उपार्जन का भी कार्यक्रम जन कल्याण हेतु चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विनोबा सेवा आश्रम के सचिव मोहित कुमार ने कहा कि गांव में अधिक से अधिक बेरोजगार लोगों को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर गांधी एंव विनोबा जी की परिकल्पना को साकार करना है। गांव में प्रेम और भाईचारा का वातावरण बनाना है। जीवन में सुख सुविधा हो न हो, लेकिन उसके मन में शांति जरुर रहती है. उसे पता होता है, उसके जीवन में जो कुछ भी है, वह उसी की मेहनत का फल है, अपने जीवन के लिए वो किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराता है. स्वावलम्बी अपने जीवन के दुखों में भी सुख का एहसास करता है. वह हमेशा समझदारी से काम करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड के सीएसआर सहायक प्रबंधक राजीव सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा इस प्रशिक्षण की सफलता संपूर्ण क्षेत्र के लिए उदाहरण बन रही है। जिसमे प्रत्येक लाभार्थी ने अपना भरपूर योगदान दिया है इसलिए इस कार्यक्रम को क्षेत्र के युवकों के लिए मॉडल माना जायेगा। कार्यक्रम में हेल्प कार्यक्रम के प्रबन्धक अंकित मिश्रा ने कार्यक्रम की भावी रणनीति बताते हुए कहा कि सफल प्रशिक्षुओं को सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जायेगा जिससे स्वरोजगार स्थापित करने में कोई कठिनाई न उत्पन्न हो। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रबन्धक अखलाक खान ने स्वाबलम्बन के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ चरण की गतिविधि एवं आगमी कार्य योजना के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन जेडी अग्निहोत्री ने किया। सभी को धन्यवाद अशोक सिंह ने दिया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# उद्योग जगत की प्रख्यात हस्ती 86 वर्षीय रतन टाटा के जाने के समाचार से क्राफ्टरूट संस्था ने किया स्मरण



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया ने बताया कि शिल्प जगत में एक बड़ा नाम रखने वाली अनार बेन की जब पद्म विभूषण रतन टाटा से भेंट हुई थी। श्री रतन टाटा ने शिल्प की बारीकियों को पूर्ण मनोयोग से उन्हें खूब समझा। क्राफ्ट रूट की दृष्टि की प्रशंसा की।वहीं दूसरी ओर अनारऋ जयेश की बेटी संस्कृति के पशु सेवा और प्रेम को अत्यंत सराहा था। जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला लगा कि एक शिल्प का मर्मज्ञ इस दुनिया से चला गया। ग्रामश्री, क्राफ्ट रूट, ई एस आई सुघड़ आश्रम,सफाई विद्यालय सभी संस्थाओं ने जयेश भाई जी की अध्यक्षता में शोक संवेदना व्यक्त ।की।

# हरियाणा की जीत देश के संविधान और मजबूत लोकतंत्र की जीत – डा. आर.ए वर्मा

सुलतानपुर। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने एवं जम्मू–कश्मीर में अच्छे प्रदर्शन के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में एकत्रित हुए भाजपाइयों ने देर शाम डाकखाना व चौक में आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा हरियाणा की जीत देश के संविधान और मजबूत लोकतंत्र की जीत है। नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में डाकखाना चौराहे और सभासद दिनेश चौरसिया के संयोजन में चौक घंटाघर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सत्य, विकास व सुशासन की जीत है।देश के संविधान और मजबूत लोकतंत्र की जीत है।उन्होंने कहा हरियाणा के जनादेश की गूंज दूर–दूर तक जाएगी।उन्होंने आगे कहा जम्मू– कश्मीर में भी भाजपा के प्रदर्शन पर पार्टी को गर्व है। उन्होंने कहा कांग्रेस व विपक्षी दलों ने हरियाणा की जनता को किसानों, पहलवानों, अग्निवीरों, जातिवाद व आरक्षण के नाम पर झूठा नैरेटिव चलाकर भ्रमित करने का प्रयास किया। लेकिन जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा की नीतियों पर मुहर लगाकर कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कांग्रेस और विपक्षियों को समझना चाहिए की झूठ व दुष्प्रचार बहुत दिन जनता बर्दाश्त नहीं करती। जैसे काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती। जिलाध्यक्ष ने कहा हरियाणा चुनाव में भाजपा को मिली अभूतपूर्व जीत से कार्यकर्ताओं में जोश,ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रीति प्रकाश, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू, पूर्व जिला महामंत्री संजय सोमवंशी, भाजपा नेता अखिलेश जायसवाल, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गांधी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा काली सहाय पाठक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायन सिंह, मंडल प्रभारी इन्द्रदेव मिश्रा, विनोद कुमार पांडेय, नगर महामंत्री डॉ वीपी सिंह, गोविन्द तिवारी टाडा, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ अनुराग पांडे , राजकुमार सोनी, सभासद अरविन्द यादव,अरुण तिवारी, राम चरित पाण्डे, अखिलेश मिश्रा, गोविन्द अग्रहरि,रेनू सिंह, रचना सिंह, रीना जायसवाल, रचना अग्रवाल,संतोष दूबे, रवि श्रीवास्तव, अनुज प्रताप सिंह, आत्मजीत सिंह टीटू,राकेश जायसवाल, सजनलाल कसौधन, रवि श्रीवास्तव,राजीव सिंह, प्रदीप मिश्रा, आशीष मिश्रा, श्रषभ वर्मा, रोहित सिंह, अनुज श्रीवास्तव, हिमांशु कसौधन,प्रिंस अग्रहरि, अशोक वर्मा, रामदेव अग्रहरि,अजय विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल में आस्था का केंद्र शीतला धाम चौकिया में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नवरात्र शुरू होते ही हर जगह माता के दर्शन को श्रद्धालूओं की भीड़ उमड़ पड़ी है लेकिन जौनपुर में नवरात्र के दिन का खास महत्व होता है जौनपुर के माता शीतला चौकिया का दर्शन पूर्वांचल के लोंगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन करने के लिए पौराणिक शीतला माता चौकियां में उमड़ रही है । अगर किसी को माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन करना है तो उसके पहले माँ शीतला का दर्शन जरूरी है उसके बाद ही माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन का महत्व है। लोगों की आस्था इस बात से भी देखी जा सकती है कि दिल्ली, मुम्बई जैसी जगहों से यहा माँ के दर्शन को खिंचे चले आते हैं।

पूर्वांचल के लोगो की आस्था का केंद्र माँ शीतला चौकिया धाम में यू तो हर समय दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन शारदीय नवरात्र के अवसर पर यहाँ लाखो की संख्या में लोग अपनी मनोकामना लेकर माता के दर्शन को आते है ।लोगो की मन्यता है की माता शीतला का दर्शन करने के बाद ही माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन किया जाता है। सप्तमी के दिन माता रानी को गुड़ का भोग लगाया जाता है जो अत्यंत शुभकारी माना जाता है नवरात्रि के सातवें दिन शुभ रंग लाल माता काल रात्रि को अति प्रिय माना जाता है ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है ऐसे में माता रानी को आज के दिन लाल वस्त्र पहनाना बहुत ही शुभ माना जाता है। सुबह से ही भक्तों का सैलाब माँ शीतला चौकिया के दर्शन को कतार लगाए खड़ा हो गया। माता की एक झलक पाने के लिए लोग ललायित दिख रहे है द्य माँ शीतला के भक्तों की श्रद्धा यहा तक है कि वे अपने बच्चों के मुन्डन संस्कार के लिए दिल्ली या विदेशो तक से खिंचे चले आते हैं। माता शीतला की महिमा से हर किसी को इतनी श्रद्धा है कि यहा खड़ा हर श्रद्धालू अपनी–अपनी मनोकामना की पूर्ती के लिए हाथ जोड़ घंटों बैठे प्रार्थना करता रहता है। माता के दर्शन को आने वालों का विश्वास इतना अटल है कि उनको पता है यहा आने का मतलब हर मनोकामना की पूर्ति होना है।

हजारो साल पुराने इस पौराणिक मंदिर में हर साल हजारो की संख्या में श्रद्धालु आते है और माता के दरबार में कढाई चढाते है और बच्चो का मुंडन संस्कार भी कराते है द्य ऐसी मान्यता है कि मंदिर के पास बने तालाब में नहाने से कुष्ट जैसे रोग से छुटकारा मिल जाता है। माता के दर्शन कर लेने के बाद श्रद्धालुओं की आगे की यात्रा के सफल होने की गारन्टी हो जाती है। इसीलिए वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर, गोरखपुर जैसे पूर्वांचल के जिले से श्रद्धालू जब माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन को निकलते हैं तो पहले माता शीतला के दर्शन कर के ही अपनी यात्रा आगे बढ़ाते हैं।

# पुलिस टीम ने मारा छापा अवैध पटाखा बरामद, पटाखों की लगभग कीमत 20 लाख रुपये

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदेश में हुए पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट को लेकर जिला प्रशासन सजग है। शनिवार को जिला शासन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखा के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया था तो वहीं बुधवार को भी ग्रामीण अंचल क्षेत्र में अभियान चलाया गया।बक्शा थाना क्षेत्र के लखउवां बाजार में अवैध पटाखा भंडारण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम पवन कुमार सिंह व सीओ परमानंद कुशवाहा के नेतृत्व में बक्सा पुलिस व एसओजी पुलिस टीम ने लखउवां बाजार के एक घर मे छापामारी कर चेकिंग की गई।घर के 5 कमरों से लगभग 10 कुंतल पटाखा अवैध रूप से जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद किया गाय। इस छापेमारी के दौरान बाजार में अफरातफरी का माहौल मच हो गया। इस मामले में जानकारी देते हुए सीओ परमानंद कुशवाहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम आज लखउवां बाजार में मुखबिर से सूचना मिली कि कमालुद्दीन द्वारा



एक घर मे अवैध पटाखों का भंडारण किया गया है। स्थानीय पुलिस व एसओजी टीम द्वारा घर पर छापेमारी कर तलाशी ली गयी। जिसमे 5 कमरों में लगभग 10 कुंतल पटाखा जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये के अवैध पटाखे के भंडारण पाया गया। मौके पर एसडीएम सदर के नेतृत्व में इस पटाखों को विधिक रूप से जब्त करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। राजन द्वारा क्या इन पटाखों को चीज करने के बाद आगे कार्रवाई जारी रहेगी या इसके बाद इतश्री कर ली जाएगी यह आने वाले दिनों में ही पता लग पाएगा।

# सर्राफा व्यवसायी को बदमाश ने मारी गोली, हालत गंभीर वाराणसी में भर्ती

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंगनगर कोइलारी मार्ग पर बुधवार देर शाम अइलिया गांव के सामने दुकान बंद कर घर कार से आ रहे सर्राफा व्यवसायी को उन्हीं की वाहन में बैठे बदमाश गोली मारकर फरार हो गया।आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक को लहूलुहान देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता व परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए।युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। चकरा गांव निवासी सर्राफा व्यवसायी विक्रांत सेठ (26)।पुत्र चंद्रमोहन की कोइलारी बाजार में आभूषण की दुकान है।वह रोज की भांति बुधवार को दुकान बंद कर अपनी कार से घर आ रहे थे बीच रास्ते बदमाश कहा उनकी गाड़ी में बैठा पता नहीं चल पाया। वह अइलिया गांव के सामने पहुंचे ही थे कि बदमाश गोली मारकर गाड़ी से उतर भाग गया। ग्रामीण भागते हुए बदमाश को देख कर गाड़ी के पास



पहुंचे तो देखा कि ड्राइविंग सीट पर युवक लहूलुहान पड़ा है। पहचान होने पर पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष व परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गए जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी होते ही एडिशनल एसपी अरविंद वर्मा,कोतवाली केराकत संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी पतरही धर्मेंद्र दत्त ,बजरंगनगर राजेश राम सहित अन्य पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। इस मामले में हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बदमाश युवक के गाड़ी में ही बैठे थे लोगों के अनुसार बदमाश गोली मारने के बाद गाड़ी से निकलकर आसानी से फरार हो गए मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस सूचना दिया है जांच पड़ताल की जा रही है इसकी मोबाइल कई लोगों से बातचीत होती थी। इस एंगल को भी ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है जल्दी मामले का खुलासा किया जाएगा।

# नेताजी की कटनी और करनी में फर्क नहीं – राकेश मौर्य




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिला समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में नगर के होटल मंगलम में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षामंत्री, पदम विभूषण धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित पार्टीजनों ने स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि नेताजी ने समाज को नई दिशा देने का काम किया. नेताजी ने समाजवादी विचारधारा से जोड़कर चलने के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसी रास्ते पर हम समाजवादी लोग चल रहे हैं. आज के दिन हम लोग संकल्प लेते हैं कि समाजवादी मूल्यों और समाजवादी सिद्धांतों को और बढ़ाकर लोगों के जीवन से बदलाव लाएंगे।

नेताजी ने पूरा जीवन इसी में निकाल दिया कि उनके साथ–साथ उनके लोगों का जीवन बदले. इसी विचारधारा पर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। नेताजी समाजवाद के मुखिया थे, उन्होंने इसे पूरे देश में फैलाया. नेताजी ने गरीबों, वंचितों, युवाओं के लिए जो किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता. हम आज नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। उक्त अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, विधायक पंकज पटेल पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक राजनारायण बिंद, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजबहादुर यादव, संजय सरोज, शिवसरण कुशवाहा, डा. मनोज यादव, हिसामुद्दीन शाह, नन्हकू यादव, सुशील दुबे, महेंद्र यादव, रामपति यादव, कलीम अहमद, श्यामबहादुर पाल, सुरेश यादव, डा. सरफराज, राजेंद्र यादव, राजेंद्र यादव टाइगर,राहुल त्रिपाठी, दिनेश यादव फौजी, राजदेव पाल, डा. जितेंद्र यादव, दीनानाथ सिंह, संजीव साहू, ऋषि यादव, आलोक सिंह यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, डा. शिवजीत यादव, अनवारूल हक, मनोज मौर्य, डा. शबनम नाज, दीपक विश्वकर्मा, इकबाल अहमद, वीरेंद्र यादव, नंदलाल यादव, राम अकबाल यादव, रामजतन यादव, सोचनराम विश्वकर्मा, अनिल यादव, अशोक यादव नायक, नीतू शर्मा सहित अन्य लोग रहे। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्वर्गीय रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में आयोजित शोक सभा में उद्योग जगत के दिग्गज, स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, अधिकारियों और छात्रों ने एकत्र होकर उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कपिल देव अग्रवाल ने स्व. रतन टाटा के निधन को राष्ट्र के लिए अपार क्षति बताते हुए कहा कि रतन टाटा का जीवन एक वटवृक्ष की भांति था, जो अपने साये में उद्योग, शिक्षा और सेवा के अनगिनत क्षेत्रों को पोषित करता रहा। उनका जाना एक ऐसा शून्य है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी सोच और दृष्टिकोण ने देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए हम सभी को उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना होगा।

शोक सभा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की। सभा के माहौल में एक गहरी संवेदना का अनुभव हुआ, जहां सभी ने रतन टाटा जी के प्रेरणादायक जीवन और उनके अतुलनीय योगदान को याद किया।

# एसआर ग्लोबल स्कूल में एसआर मेमोरियल इंटर–स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2024 की शुरुआत हुई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। बक्शी का तालाब स्थित एसआर ग्लोबल स्कूल में हमेशा से खेल प्रतिस्पर्धाओं को आगे बढ़ाने में तत्पर रहा है इसी क्रम में एस आर ग्लोबल स्कूल में बास्केटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई है जिसमें 72 टीमें अंडर 17 और अंडर 19 श्रेणियों में भाग ले रही हैं। यह टूर्नामेंट क्षेत्र भर की प्रतिभाओं को एक मंच पर लेकर आया है।

मुख्य अतिथि की उपस्थिति

यूपी सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिससे आयोजन को और भी गरिमा मिली।

मैच के परिणाम

– अंडर 17 गर्ल्स में सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल ने एमिटी इंटरनेशनल को 15–2 से हराया।

– अंडर 17 बॉयज में राजकुमार एकेडमी ने पीएमएस इंडिया टीम को 16–12 से हराया।

– अंडर 19 गर्ल्स में एएफएस इंडिया ने एस आर ग्लोबल गर्ल्स को 14–12 से हराया।

– अंडर 19 बॉयज में डेथ नॉट टीम ने कुक्कड़ आईएनडी को 16–9 से हराया।

समापन और शुभकामनाएं

टूर्नामेंट के समापन दिवस पर एस आर ग्रुप के चेयरमैन और सदस्य विधान परिषद सीतापुर पवन सिंह चौहान ने विजेता और रनर–अप दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्य अतिथि श्री दानिश अंसारी ने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की और कहा कि खेल और खिलाड़ी आज के तनावपूर्ण माहौल में सबको प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

# जनपद स्तरीय किसान मेला का किया गया आयोजन

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला का आयोजन गुरुवार को सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र, निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जय प्रकाश रावत ने अपने सम्बोधन में किसान भाईयों का देश की अर्थव्यवस्था एवं खुशहाली में योगदान के लिए आभार प्रकट किया गया। सासंद जी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही हैं। उन्होने कहा कि हमारी सरकार द्वारा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गयी है। कृषि विभाग में किसानों की आमदनी में वृद्धि के लिए कई योजनायें चलायी जा रही। किसान भाई श्रीअन्न मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, कोदो, रागी, सावां आदि) को जरूर उगाये। इसकी खेती में सिंचाई एवं उवर्रक की कम आवश्यकता पड़ती है। सांसद द्वारा किसानों के हित में आयोजित किसान मेला के लिए कृषि विभाग की सराहना की। उक्त अवसर पर इनसीटू योजनान्तर्गत कमलाकान्त पुत्र श्री रामखेलावन नि० ग्राम जयराजपुर विकास खण्ड टड़ियावां को ट्रैक्टर की चाभी भी वितरित की। कृषक श्रीमती जसोदा, रामसागर, रामचन्द्र, जीवन, रामबाबू, रहीश, नरेश कुमार, नत्थू लाल, अनिल कुमार, एवं श्री आकाश को राईध्सरसों बीज के निःशुल्क मिनीकिट वितरित किये गये। माधवेन्द्र प्रताप सिंह (रानू), विधायक सवायजपुर द्वारा कार्यकम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आये वैज्ञानिक द्वारा बतायी गयी उन्नत कृषि तकनीकी द्वारा ही अपनी खेती करे तथा अपने आस–पास लोगो को उन्नत कृषि तकनीकी के बारे में बताये प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। किसान भाई विभागों से सम्पर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित किये जा रहे कृषि यंत्रों एवं सोलर पम्प का लाभ प्राप्त कर अपनी खेती की लगात को कम करके अधिक आय प्राप्त करें। श्री अजीत सिंह बब्बन, जिलाध्यक्ष, भाजपा, हरदोई ने किसानों से कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में एव उनकी आय में बढ़ोत्तरी के लिए चलायी रही योजनाओं का लाभ पूरे पारदर्शी तरीके से किसानों को प्राप्त हो रहा है। डा० नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, निःशुल्क मिनीकिट बीज वितरण, सोलर पम्प योजन, फसल अवशेष प्रन्धन हेतु अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रो की योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, तिलहनीध्दलहनी फसलों की उन्नत किस्मों, खेती की उन्नत तकनीकी और नवीनतम शोध के बारे में जानकारी दी। उन्होने किसान भाइयों को यह बताया कि किसान भाई अपनी फसल की बुवाई लाईन से करे तथा फसल की प्रथम सिंचाई 21 दिन बाद करे। उन्होने किसान भाईयों से अपील की कि पराली दो, खाद लो योजनान्तर्गत वह अपने खेत में फसल अवशेष (पराली) न जलाये और पराली को अपने नजदीकी गौशालाओं में दान कर गोबर की खाद प्राप्त सकते है। डा० त्रिलोकी नाथ राय वैज्ञानिक के०वी० के० सण्डीला द्वारा किसान भाइयों को मृदा स्वास्थ्य के विषय में चर्चा करते हुए मृदा परीक्षण की सलाह दी। डा० डी०बी० सिंह, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को फसलों से सम्बन्धित कीट एवं रोग नियंत्रण मोटे अनाज की फसलों के बारे में चर्चा की गयी। देव जादूगर एवं कटपुतली संचालक द्वारा किसानों को मृदा परीक्षण कर संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग के लिए, फसल अवशेष में आग न लगाने, लाइन से बुवाई करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। नेनो यूरिया के छिडकाव के लिए ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जयप्रकाश रावत, सांसद, हरदोई, विशिष्ट अतिथि माधवेन्द्र प्रताप सिंह (रानू) विधायक, सवायजपुर एवं अजीत सिंह बब्बन, जिला अध्यक्ष, भाजपा, हरदोई द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगणों एवं किसानों के साथ किया गया तथा फसल अवशेष न जलाने हेतु किसानों के मध्य प्रसार–प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर खाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) टोडरपुर एवं हरियावां एवं अन्य अधिकारीकण एवं भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।



# सभी अधिकारी विजयदशमी के प्रवर्तक अपने क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जनपद में दुर्गापूजन एवं विजयदशमी (दशहरा) पर्व के अंतर्गत मुख्य पर्व महाअष्टमी, महानवमी एवं विजय दशमी (दशहरा) 03 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ होकर 12 अक्टूबर 2024 को विजय दशमी तक मनाया जायेगा। जनपद के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओंध समितियों द्वारा जगह–जगह पण्डाल बनाकर भी दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजन–अर्चन प्रारम्भ कर दिया गया है। स्थापना की तिथि से विसर्जन तक पण्डालों में विराजित माँ दुर्गा जी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की देर रात्रि तक भारी भीड़ हो रही है। पर्व के अवसर पर नगर के मोहल्ला सुतहट्टी, भण्डारी, टाउन हॉल, हुसेनाबाद कालोनी, ट्यूबेल कालोनी एवं कचहरी तिराहा आदि स्थानों पर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कस्बा मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर, मडियाहूँ, धनियामऊ, खेतासराय, शाहगंज, बदलापुर एवं केराकत तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में श्री रामलीला का मंचन किया जाता है, जहाँ पर भी देर रात्रि तक दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित होती है जिससे मार्ग में देर रात्रि तक आवागमन बना रहता है। इस अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने के लिये नगर क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट व अपने–अपने तहसील क्षेत्र में उप जिला मजिस्ट्रेट उत्तरदायी होंगे तथा अपने क्षेत्र से सम्बन्धित पुलिस अधिकारी व थानाध्यक्षों के समन्वय से शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखेंगे। शासकीय नीति के तहत किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं दी जानी है, यदि स्थल अथवा मार्ग सम्बन्धी कोई विवाद उत्पन्न होता है, हो उसका निपटारा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर समस्या का निदान करेंगे। श्री दुर्गा पूजनोत्सव एवं रामलीला के प्रारम्भ होने से प्रतिमा के विसर्जन (विजय दशमी एवं उसके एक दिन बाद) तक शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं इस अवसर पर कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने पाये, जिसके दृष्टिगत अग्रिम आदेश तक जनपद को 02–सुपर जोनल, 07–जोन एवं 28–सेक्टर के रूप में विभक्त करते हुए अधिकारियों की तैनाती की गयी है।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयबर चौहान, मो0न0–9454717649 तहसील सदर, शाहगंज एवं केराकत क्षेत्र में शान्ति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुपर जोनल अधिकारी होंगे। मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, मो0नं0–9454417140 तहसील –मड़ियाहूँ, मछलीशहर एवं बदलापुर क्षेत्र में शान्ति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुपर जोनल अधिकारी होंगे। इसके अतिरिक्त 28 सेक्टर मजिस्ट्रेट की डियूटी थानावार लगाई गयी है।

# सीट लॉक न करने वाले 793 छात्र काउंसिलिंग से हुए बाहर

लखनऊ, संवाददाता। नीट यूजी–2024 की तीसरे चरण की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया बुधवार को खत्म हो गई। मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस व डेंटल कालेजों में बीडीएस कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची गुरुवार को जारी की जाएगी। वहीं शुक्रवार से 15 अक्टूबर तक अभ्यर्थी अपनी मनपसंद सीटों का विकल्प भर सकेगा। महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह की ओर से अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह मनपसंद सीटों का विकल्प भरते समय सावधानी बरतें। आनलाइन विकल्प भरने के बाद सीट को लाक जरूर करें। पहले व दूसरे चरण की काउंसिलिंग में 793 छात्रों ने सीट लाक नहीं की और वह काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर हो गए। जरा सी चूक के कारण इनके हाथ से सीट फिसल गई। ऐसे में पूरी साव धानी बरतें। सीट आवंटन का परिणाम 18 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। 19 अक्टूबर से लेकर अभ्यर्थी 23 अक्टूबर तक आवंटित मेडिकल कालेज व डेंटल कालेज में प्रवेश ले सकेंगे। दूसरे चरण में एमबीबीएस व बीडीएस कोर्स की कुल 2,691 सीटें थीं। अब सभी कालेजों से बची सीटों का ब्योरा गुरुवार शाम तक भेजने के निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय की ओर से दिए गए हैं।

# छात्राओं को मिला प्रतिभा सम्मान

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि सीखने की कला को उम्र के किसी भी दौर में समाप्त नहीं होना देना चाहिए। यही हमें सबसे अलग और मानव गुणों में सर्वश्रेष्ठ बनाता है। वह बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला कॉलेज में आयोजित वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। कुलपति ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से नवाजा। विशिष्ट अतिथि राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीशचंद्र मिश्रा ने कला और साहित्य को भारतीय संस्कृति का मूल बताया।

# उपासना सुरेका ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



दैनिक देश की उपासना
समाचार पत्र, राजस्थान

राजस्थान/लक्ष्मणगढ़ – (सीकर) बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के सह–संयोजक आकाश झुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के संस्थापक, अध्यक्ष कवि हरीश शर्मा की प्रेरणा से अभियान की ओर से आयोजित महावृक्षारोपण अभियान के तहत गुरुवार को अभियान की सदस्या उपासना सुरेका ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सुरेका ने कहा कि आज के युग में हर व्यक्ति को आगे आकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा ताकि पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकें। इस अवसर पर पिंटू सुरेका, अभियान के कोषाध्यक्ष अनमोल सुरेका, पायल सुरेका सहित टीम के सदस्य मौजूद रहें।

# पद्मविभूषण रतन टाटा की विनम्रता, उदारता और उद्देश्य की विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि देश के बड़े उद्योगपती टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन एवं पद्यविभूषण रतन टाटा जी के निधन पर व्यापारीयो ने शोक व्यक्त करते हुए एक दूरदर्शी राष्ट्रभक्त कारोबारी लेकिन साधारण इंसान की तरह दिखने वाले महान व्यक्तित्व के मालिक रतन टाटा व्यक्तिगत रूप से हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी विनम्रता, उदारता और उद्देश्य की विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। वह ऐसे व्यवसायी थे जिनके लिए वित्तीय धन और सफलता तब सबसे उपयोगी थी जब इसे वैश्विक समुदाय की सेवा में लगाया जाय। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल अमरनाथ मिश्र पवन मनोचा देवेंद्र गुप्ता विनोद अग्रवाल अनुराग मिश्र अभिषेक खरे उमेश शर्मा सुहैल हैदर अल्वी जितेन्द्र सिंह चौहान रविंद्र नाथ रस्तोगी साकेत शर्मा सहित लखनऊ व्यापार मंडल के सभी सदस्यों ने शोक व्यक्त किया।

# गन्ना समिति निदेशक चुनाव के लेकर नामांकन प्रक्रिया मे भाजपा व सपा ने मारपीट करने का लगाया आरोप

अयोध्या। गुरुवार को गन्ना समिति के चुनाव मे नामांकन पत्र खरीदने को लेकर किसी बात को लेकर सपा व भाजपा पदाधिकारियो के बीच मामूली कहासुनी हो गई।जिसको लेकर सपा व भाजपा पदाधिकारियो ने एक दूसरे पर मारने पीटने का आरोप लगाया है।कैंट पुलिस को दिये गये तहरीर के माध्यम से भाजपा नगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी ने सपा पर मारपीट करना का आरोप लगाया है।तहरीर के माध्यम से उन्होने बताया कि गुरुवार को गन्ना समिति के निदेशक की चुनाव को लेकर थाना कैंट क्षेत्र मे स्थित गन्ना समिति कार्यालय नियांवा पर नामांकन प्रक्रिया चल रही थी कि इसी बीच सपा के कार्यकर्ताओ ने उन पर लाठी डंडो से हमला कर दिया।उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये।भाजपा महानगर अध्यक्ष शैलेन्द्र कोरी इलाज कराने जिला चिकित्सालय पहुंचे।इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी जिला चिकित्सालय पहुंचकर शैलेन्द्र कोरी का हाल चाल लिया।वही दूसरी ओर सपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ता नामांकन प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिये इस तरह का कथकंडा अपनाया है।भाजपा कार्यकर्ताओ ने सपा पर जानबूझ कर हमला किया।जिसमे यहां तक सपा पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय भी घायल हो गये।जिसकी शिकायत सपा कार्यकर्ताओ ने पुलिस उच्चाधिकारियो से की है।

# चार सेटों में पेपर के लिए लाया जाएगा अध्यादेश, अधिनियम में संशोधन की तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) भर्ती परीक्षाओं को फूलप्रूफ बनाने के लिए चार सेटों में प्रश्नपत्र प्रकाशित करवाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग अधिनियम में संशोधन करना होगा। इस संबंध में शीघ्र ही अध्यादेश लाने के लिए उच्चस्तर पर सहमति बन गई है। इसलिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। इससे माना जा रहा है कि लोकसभा आयोग की हाल ही में कराई जाने वाली परीक्षाएं टल भी सकती हैं। इस संबंध में अमर उजाला पहले ही 8 अगस्त को प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर चुका है। यूपी में समूह 'क' और 'ख' के पदों पर भर्ती का अधिकार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पास है। लोकसेवा आयोग ने फरवरी 2024 में आयोजित कराई गई सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा की शुचिता को ध्यान में रखते हुए इन्हें रद्द कर दिया था। योगी सरकार भर्ती परीक्षाओं को लेकर गंभीर है। सरकार चाहती है कि भर्ती परीक्षाओं में हरस्तर पर सेंधमारी रोकी जाए। प्रदेश सरकार ने भर्ती बोर्ड और चयन आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों को खत्म करने के लिए जून में ही विस्तृत दिशा–निर्देश जारी कर दिए थे। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने कुछ समय पहले मुख्य सचिव के सामने भर्ती परीक्षाओं को लेकर प्रस्तुतीकरण भी दिया था। इसमें तीन सेटों के स्थान पर चार सेटों में पेपर तैयार करने का सुझाव दिया गया था। इसमें निजी प्रिंटिंग प्रेस के बजाय राजकीय प्रिंटिंग प्रेस में ही प्रश्नपत्र छपवाने पर भी चर्चा हुई थी। उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद उच्च स्तर पर इसको लेकर सहमति बन गई है। इसके आधार पर अब लोकसेवा आयोग की सभी भर्ती परीक्षाओं के लिए चार सेटों में प्रश्नपत्र तैयार होंगे। परीक्षा में इसे रेंडम (औचक) आधार पर बांटा जाएगा। लोकसेवा आयोग का तर्क है कि प्रश्नपत्र किस सेट का बांटा जाएगा, इसकी जानकारी किसी को नहीं होगी। रेंडम आधार पर तय होने के बाद पेपर लीक होने की घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी।

# गुपचुप लोड बढ़ाकर करंट दे रहा लेसा

लखनऊ, संवाददाता। बिजली कनेक्शन का लोड बढ़ाने के लिए उपभोक्ता को नोटिस देना जरूरी है। इसके उलट मध्यांचल और लेसा के इंजिनियर गुपचुप तरीके से कनेक्शन का लोड बढ़ाने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक, बीते तीन महीने में मध्यांचल ने लाखों उपभोक्ताओं के कनेक्शन का लोड गुपचुप बढ़ा दिया है। इन कनेक्शनों का कुल 1212 मेगावॉट लोड बढ़ाया गया है।

# तालाबों के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए, भू माफियाओं पर कार्यवाही की जाए - डा संजय कुमार निषाद

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ0 संजय कुमार निषाद द्वारा बुधवार को देर सायं जनपद आगमन के पश्चात विकास भवन सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया तथा इसके उपरांत मत्स्य विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

मंत्री के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। पार्टी संबोधन के उपरांत बैठक के दौरान मंत्री द्वारा ग्राम सभा के तालाबों, मनरेगा द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, मुनादी उपरांत तालाबों के पट्टे, तालाबों की खुदाई, लघु सिंचाई विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किए गए तालाबो, जलाशयों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु पर समीक्षा की गई। मत्स्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 64 जलाशय में अभी एक भी अमल दरामद नहीं किए गए हैं जिसके कारण उनकी नीलामी में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। जिस पर मंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए जलाशयों के अमल दरामद की स्थिति को गंभीर प्रकरण बताते हुए राजस्व की हानि बताई गई एवं इसके संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री द्वारा मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालकों को विद्युत कनेक्शन देने तथा जनपद स्तर पर हुए कुल 2842 मछुआ दुर्घटना बीमा हेतु प्रत्येक बीमा धारक को सूचित कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, मछुआ कल्याण कोष हेतु 7 दिन की भर्ती होने की अनिवार्यता को समाप्त करने, समितियों के गठन हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही मंत्री द्वारा तहसीलवार विगत 10 वर्षों में आवंटित हुए तालाब, मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत मछुआ आवास के चयनित लाभार्थी, तहसीलवार मछुआ परिवार का विवरण, मछुआ दुर्घटना बीमा, मत्स्यपालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत दैवीय आपदा एवं चिकित्सकीय सहायता, मत्स्य जीवी सहकारी समितियां, मत्स्यजीवी सहकारी समिति गठन हेतु प्राप्त आवेदन पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वंचितों और पात्रों को ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिया जाए। डिफॉल्टर्स को लोन न दिया जाए। मछुआ समाज के लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, तालाबों के पट्टे, नीलामी आदि में विशेष प्राथमिकता दी जाए तथा पट्टा नीलाम करते समय राजस्व संहिता का उल्लंघन न करने के निर्देश दिए। साथ ही सामुदायिक भवन में डिजिटल लाइब्रेरी बनवाया जाए। उन्होंने सक्रिय समितियों को ही बहुउद्देशीय बनवाए जाने हेतु निर्देशित किया। मा0 मंत्री जी के द्वारा निर्देश दिया गया कि बिना फेडरेशन वालों को टेंडर न दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी योजनाएं हैं, धरातल पर दिखनी चाहिए। मछुआ समाज से जुड़ी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। गंभीर बीमारी से पीड़ित मछुआरों के इलाज हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि तालाबों के पट्टे की जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने जनपद के जलाशय की स्थितिध्सूखे जलाशयो की स्थिति की भी समीक्षा की।



उन्होंने निर्देशित किया कि तालाबों के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। भू माफियाओं पर कार्यवाही की जाए। मत्स्य पालन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनितो की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में मछली उत्पादन हेतु लोगों में प्रचार–प्रसार किया जाए। केसीसी की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिक पेंडेंसी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया और निर्देशित किया कि 15 अक्टूबर से लगातार कैंप लगाकर लाभार्थियों का तथा पत्र व्यक्तियों का केसीसी करवाया जाए।

इस अवसर पर विधायक शाहगंज रमेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीबीएसई पूर्व जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 – युवा चौंपियनों का जलवा एवं शानदार समापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सीबीएसई पूर्व जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का समापन एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभाशाली युवा स्केटर्स को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक टीमों और 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने 120 इवेंट्स में भाग लिया। विजेताओं में शौर्य दहारिया सुनबीम स्कूल, अन्नपूर्णा लहरतारा ने अंडर 14 बॉयज 500 मीटर क्वाड्स श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुमितन सिंह दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी, यूपी ने अंडर 14 बॉयज 500 मीटर क्वाड इवेंट में विजय हासिल की। सार्थक पांडा नर्चर इंटरनेशनल स्कूल, कचहर कल्याणपुर, कानपुर ने अंडर 17 बॉयज 500 मीटर क्वाड श्रेणी में जीत हासिल की, जबकि रुपांशी सिंह माउंट लिटरा जी स्कूल, इटावा, यूपी ने अंडर 19 गर्ल्स श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि मुनव्वर अंसार, जूडो एसोसिएशन के सचिव ने सम्मानित किया। नेहा सिंह, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की निदेशक और डॉ. रुपाली पटेल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, वृंदावन योजना शाखा की प्रिंसिपल और आयोजन समिति की सचिव ने विजेताओं को उनकी उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर खो–खो के जिला सचिव श्री अजीत कुमार यादव भी उपस्थित रहे।




# ऑटो से छात्रा को उठा ले गया पुलिसवाले का बेटा, कमरे में ले जाकर की अश्लील हरकतें, रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में सोमवार सुबह कॉलेज जा रही बीए की छात्रा को पुलिसकर्मी के बेटे ने ऑटो चालक और एक साथी की मदद से अगवा कर लिया। विरोध पर उसी के दुपट्टे से मुंह बांध दिया और कमरे में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। चंगुल से छूटकर भागी छात्रा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी और ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली युवती सिंगार नगर स्थित एक कॉलेज में बीए की छात्रा है। सोमवार सुबह पिता ने छात्रा को कॉलेज जाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बाइक से छोड़ा था। वहां से छात्रा ऑटो में बैठ गई। कुछ दूर पहुंचने पर ऑटो में पुलिसकर्मी का बेटा इमरान अपने साथी के साथ बैठ गया। इमरान के कहने पर चालक ऑटो वापस मोड़ने लगा। छात्रा ने विरोध किया और ऑटो से उतरने का प्रयास करने लगी। इस पर आरोपित ने उसका मुंह उसी के दुपट्टे से बांध दिया, जबरन गाड़ी में बैठाए रखा। कॉल करने पर आरोपी ने छात्रा का मोबाइल फोन छीन लिया और उसकी पिटाई कर दी। आरोपी इमरान ऑटो चालक और साथी की मदद से छात्रा को सरोजनीनगर इलाके में स्थित अपने कमरे में ले गया, जहां पहुंचते ही ऑटो चालक और उसका साथी भाग निकले। कमरे में छात्रा के साथ आरोपी अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध पर उसकी पिटाई करते हुए हाथ मोड़ दिया। इस बीच किसी युवती की कॉल आने पर आरोपी फोन पर बात करने लगा तो मौका पाकर युवती वहां से भाग निकली। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिवारीजनों को घटना की सूचना दी। परिवारीजनों के कहने पर पीड़िता ने आरोपी इमरान, उसके साथी और ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एडीसीपी राजेश यादव ने बताया कि इमरान और ऑटो चालक को मंगलवार दोपहर हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज किए गए हैं। मामले में छानबीन की जा रही है।

अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस कर रही जांच

एडीसीपी ने बताया कि इमरान निजी चालक है। वह पीड़ित छात्रा का पड़ोसी है। आरोपी और पीड़िता पूर्व से परिचित हैं। इसलिए प्रेम प्रसंग व अन्य बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है। घटनास्थल और आस–पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।